मध्य रेल

भुसावल मंडल

तापी

अंक 9

त्रैमासिक ई-सूचना पत्र

अक्तूबर– दिसंबर 2013

वेबसाइट : http://www.cr.indianrailways.gov.in/about us/divisions/bhusawal

स्वागतम् !

सुस्वागतम् !!

श्री सुनील कुमार सूद

महाप्रबंधक, मध्य रेल

श्री सुनील कुमार सूद ने दिनांक 31.12.2013 को महाप्रबंधक, मध्य रेल के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व श्री सूद दक्षिण रेलवे, चेन्नई में मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे।

यांत्रिक तथा विद्युत इंजीनियरीग में स्नातक श्री सूद वर्ष 1978 रेल सेवा में नियुक्त हुए। श्री सूद ने दक्षिणपूर्व रेलवे तथा रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला में आठ-आठ वर्षों तक कार्य किया हैं।

श्री सूद की प्रशासनिक दक्षता एवं दूरदर्शिता अपर मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद मंडल, उत्तर रेलवे, मुख्य कारखाना प्रबंधक, जमालपुर, पूर्व रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक, जोधपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे के पदों पर कार्य करते हुए देखी गई है।

श्री सूद ने टेरिटोरियल आर्मी में ब्रिगेडियर की रैंक (डेप्युटी डायरेक्टर जनरल (टीए)) तक सेवा प्रदान की हैं। श्री सूद ने डर्बी, यूके से वेल्डिंग तथा फेब्रीकेशन में तथा पॅरिस, फ्रान्स से स्ट्रेटेजिक मॅनेजमेंट ट्रेनिंग में प्रशिक्षण भी लिया है।

भुसावल मंडल के हम सभी रेलकर्मी आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।

संरक्षण महेश कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक **मार्गदर्शन** प्रदीप बारापात्रे अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी **संपादन** राम प्रसाद शुक्ल राजभाषा अधिकारी **सहयोग** राजभाषा विभाग मं रे प्र प्रकोष्ठ सि.एवं दू. शाखा **संपर्क का पता** राजभाषा विभाग मं.रे.प्र.कार्यालय मध्य रेल, भुसावल 011 - 55010 / 55015 (रेलवे) 02582 – 223827 (भासंनिलि)	*संपादक की कलम से ....* *त्रैमासिक सूचना-पत्र ताप्ती के इस अंक में मंडल पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों गतिविधियों जैसे कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी साहित्यकारों की जयंती, तकनीकी संगोष्ठियों/सेमिनार, दिवस, सप्ताह आदि की जानकारी दी गई है। इसके अलावा, मंडल के कर्मीदल द्वारा किए गए आदर्श कार्य तथा रेलकर्मी की मौलिक रचना का भी इस अंक में समावेश किया गया है। आशा है कि आपको यह अंक अवश्य पसंद आएगा।* *सुधी पाठक बंधुओं से अनुरोध है कि अपनी प्रतिक्रिया और सुझाव अवश्य दें ताकि इस सूचना-पत्र को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके।* *राम प्रसाद शुक्ल* *राजभाषा अधिकारी एवं* *संपादक*

मंडल पर राजभाषा विषयक गतिविधियां

हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय का उदघाटन

राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं हिंदी के प्रति रेलकर्मियों की अभिरुचि बढ़ाने की दृष्टि से स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, खंडवा में हिंदी के सुप्रसिध्द कवि माखनलाल चतुर्वेदी के नाम से हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय चलाया जा रहा है। अब तक यह पुस्तकालय जिस स्थान पर था, वहां तक पहुंचने में स्टेशन के कर्मचारियों को असुविधा हो रही थी जिसके परिणामस्वरूप इस पुस्तकालय में पाठक सदस्यों की संख्या दिनों-दिन घट रही थी। रेल कर्मचारियों की रूचि एवं मांग को देखते हुए तथा पुस्तकालय की उपयोगिता बनाए रखने के लिए उसे अन्यत्र किसी सुविधाजनक जगह पर स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया था। अत: सहायक मंडल इंजीनियर श्री सुजीत कुमार सिंह द्वारा उनके कार्यालय परिसर में एक उपयुक्त जगह उपलब्ध कराई गई जहां नये सिरे से उक्त हिंदी पुस्तकालय को स्थापित किया गया। यहां पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं के लिए अलग-अलग दो कमरों की व्यवस्था की गई है जहां पाठक सदस्य बैठकर समाचार पत्र एवं हिंदी पत्रिकाएं पढ़ सकते हैं। इस जगह पर पाठक सदस्यों के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सी, पंखे और प्रकाश तथा अन्य अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

हिंदी पुस्तकालय के उदघाटन से पूर्व अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रदीप वी.बारापात्रे द्वारा 02 अक्टूबर, 2013 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए गांधी जी द्वारा किए गए प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया गया। तत्पश्चात नये जगह पर स्थानांतरित किए गए इस पुस्तकालय का आपने उदघाटन किया गया। इस अवसर पर आपने 20 हजार शब्द योजना में भाग लेने वाले स्टेशन / डिपो के कर्मचारियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

गांधी जी को माल्यार्पण, हिंदी पुस्तकालय का उदघाटन और पुरस्कार प्रदान करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री पी.वी.बारापात्रे

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) श्री देबदास दत्ता, राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल, सहायक मंडल इंजीनियर श्री सुजीत कुमार सिंह, सहायक बिजली इंजीनियर(कर्षण वितरण) श्री आर. सी. मालवीय, स्टेशन प्रबंधक श्री रमेशचंद्र तथा बड़ी संख्या में स्टेशन / डिपो के कर्मचारी मौजूद थे। हिंदी पुस्तकालय के उदघाटन समारोह का संचालन श्री सुनील गुप्ता, परिवहन निरीक्षक, खंडवा द्वारा किया गया।

राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।

- महात्मा गांधी

हिंदी साहित्यकार की जयंती

स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बडनेरा के तत्वावधान में 04 अक्तूबर, 2013 को स्टेशन प्रबंधक श्री आर.टी. कोटांगले की अध्यक्षता में स्टेशन समिति के सदस्यों और भुसावल मंडल के राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल की उपस्थिति में आचार्य रामचंद्र शुक्ल की जयंती कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन तथा माल्यार्पण करके शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंडल के राजभाषा अधिकारी और हिंदी पुस्तकालय के अन्य पाठक सदस्यों द्वारा आचार्य रामचंद्र शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। स्टेशन प्रबंधक द्वारा हिंदी पुस्तकालय की उपयोगिता बढ़ाने और उनकी रचनाओं को पढ़ने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर आचार्य रामचंद्र शुक्ल की रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। पाठक मंच के सदस्यों ने कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में स्टेशन समिति के सभी नामित सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री बी.एम.टिपरकर द्वारा किया गया।

माल्यार्पण करते हुए स्टेशन प्रबंधक श्री आर.टी. कोटांगले एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए मंडल के राजभाषा अधिकारी श्री राम प्रसाद शुक्ल

स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

- दिनांक 23.10.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 25.10.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जलगांव की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 25.10.2013 को क्षेत्र प्रबंधक की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल यार्ड की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 29.10.2013 को वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (कर्षण चल स्टॉक) की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एमओएच शेड, भुसावल की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 30.10.2013 को सहायक मंडल इंजीनियर की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, खंडवा की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 13.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बडनेरा की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 19.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मनमाड की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 21.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बुरहानपुर की बैठक आयोजित की गई।

- दिनांक 25.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नासिक रोड की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 27.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मुर्तिज़ापुर की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 28.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शेगांव की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 29.11.2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, चालीसगांव की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 03.12..2013 को स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अकोला की बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 19.12.2013 को मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुसावल की बैठक आयोजित की गई।

संगोष्ठी / सेमिनार

कार्मिक शाखा

- मंडल कार्यालय में दिनांक 11.10.2013 को चयन तथा आरक्षण नीति विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी तथा मंडल कार्मिक अधिकारी के नेतृत्व में श्री एस.आर.दायमा, सहायक कार्मिक अधिकारी (यातायात) द्वारा पॉवर पॉइंट स्लाइड शो के जरिए प्रस्तुति दी गई। इस सेमिनार में मंडल कार्मिक शाखा के सभी डीलर तथा मुख्य कार्यालय अधीक्षक / कार्यालय अधीक्षक उपस्थित थे।

- मंडल कार्यालय में दिनांक 29.10.2013 को भ्रष्टाचार विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में अतिथि वक्ता के रूप में श्री पियूष कक्कर, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (सि.एवं दू.) तथा श्री देबदास दत्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) द्वारा पॉवर पॉइंट स्लाइड शो के जरिए विचार व्यक्त किए गए। इस सेमिनार में मंडल के 50 अधिकारी उपस्थित थे।

- मंडल कार्यालय में दिनांक 30.10.2013 को आचरण नियम विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा नियमों की जानकारी दी गई जिसमें कार्मिक शाखा के सभी अधिकारियों तथा मुख्य कार्यालय अधीक्षकों / कार्यालय अधीक्षकों ने भाग लिया।

विद्युत शाखा

- मंडल कार्यालय में दिनांक 10.09.2013 को बिजली और बिल की बचत के उपाय, दिनांक 16.12.2013 को घरेलू ऊर्ज़ा संरक्षण और सुरक्षा तथा दिनांक 24.12.2013 को ऊर्ज़ा बचत एवं धन का अपव्यय विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री देबदास दत्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) द्वारा पॉवर पॉइंट स्लाइड शो के जरिए प्रस्तुति दी गई। इन सेमिनारों में मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

यांत्रिक शाखा

- मंडल कार्यालय में दिनांक 28.10.2013 को एअर प्लाज़्मा कटिंग मशीन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री परिवेश साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर द्वारा ऑडियो-वीडियो के जरिए प्रस्तुति दी गई। इस सेमिनार में मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

उपर्युक्त के अलावा, अक्तूबर से दिसंबर, 2013 की तिमाही के दौरान मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के तत्वावधान में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में निम्नलिखित तकनीकी विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए गए :-

- दिनांक 05.10.2013 को 'रोलर बेअरिंग की खराबियां तथा हॉट एक्सल रोकने के उपाय' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 53 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 12.10.2013 को 'एचएचबी तथा हाई ब्रीड कोच की जानकारी' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 49 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 19.10.2013 को 'अवकाश नियम / पास नियम' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 40 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 26.10.2013 को 'एअर स्प्रिंग के फायदे' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 02.11.2013 को 'एलएचबी कोच की विस्तृत जानकारी' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 32 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 09.11.2013 को 'बायो टॉयलेट की विस्तृत जानकारी' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 16.11.2013 को 'कोच और वैगन में ब्रेक बाइंडिंग रिलीज व आयसोलेशन तथा कोच बायपास' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 23.11.2013 को 'एलएसडी की कार्यप्रणाली' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 30.11.2013 को 'बीटीपीएन टैंक वैगन की विस्तृत जानकारी' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 07.12.2013 को 'बॉक्स एनएमबीएस वैगनों में लगे एपीएम की कार्यप्रणाली' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 24 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 14.12.2013 को 'बीटीपीएन टँक वैगन का अनुरक्षण' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 17 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 21.12.2013 को 'गाडी विभाजन' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 28.12.2013 को 'यार्ड में मालगाडियों का गहन परीक्षण' विषय पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 27 कर्मचारियों ने भाग लिया।

संरक्षा शाखा

मंडल पर अक्तूबर से दिसंबर, 2013 की अवधि के दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा शाखा के तत्वावधान में मंडल के विभिन्न स्थलों पर रेल परिचालन में संरक्षा से संबंधित सेमिनार आयोजित किए गए जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा हिंदी में व्याख्यान दिए गए :-

- दिनांक 04.10.2013 को भुसावल गुड्स लॉबी में 'गाडी परिचालन में संरक्षा उपायों का अनुपालन- ट्रेन ब्रेक ए 9, लोको ब्रेक एसए 9, लोको हैंड ब्रेक, फ्लैशर लाइट, लकडी के पच्चर तथा गिट्टी आदि का उपयोग' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 10.10.2013 को एटीटीएस भुसावल में 'ट्रेन मार्शलिंग नियम और जीडीआर तथा कंटीन्यूटी टेस्ट' विषय पर संरक्षा सलाहकार (यातायात) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 23 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 17.10.2013 को डीटीसी (इंजीनियरिंग), भुसावल में 'वर्क साइट पर सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 18.10.2013 को बोदवड स्टेशन पर 'वर्क साइट पर सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 22.10.2013 को नांदगांव स्टेशन पर 'एसएंडटी विफलता और अंडरगियर डिसकनेक्ट करते समय बरती जाने वाली सावधानियां' विषय पर संरक्षा सलाहकार (एसएंडटी) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 26.10.2013 को डीटीसी (लोको), भुसावल में 'ऑटोमैटिक सिगनलिंग क्षेत्र में (जीआर 9.10) बचाव के नियम ' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 11 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 26.10.2013 को बीटीसी (स.तथा मा.), भुसावल में 'हाई ब्रिड कोच के सेकंडरी सस्पेंशन में लगाए गए एअर स्प्रिंग की ट्रबल शूटिंग' विषय पर संरक्षा सलाहकार (स.तथा मा.) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 10.11.2013 को एटीटीएस भुसावल में 'लोड स्टैबल करने और शंटिंग के दौरान सावधानियां' विषय पर संरक्षा सलाहकार (यातायात) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 23 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 12.11.2013 को एसएंडटी डिपो मनमाड में 'एसएंडटी गियरों का अनुरक्षण' विषय पर संरक्षा सलाहकार (एसएंडटी) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 14.11.2013 को डीटीसी (इंजीनियरिंग), भुसावल में 'वर्क साइट पर सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।

- दिनांक 23.11.2013 को बीटीसी (स.तथा मा.), भुसावल में 'ट्रेन कंपार्टमेंट और पैंट्री कार में आग से बचाव' विषय पर संरक्षा सलाहकार (स.तथा मा.) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 12.11.2013 को एसएंडटी डिपो नासिक में 'एसएंडटी गियरों का अनुरक्षण' विषय पर संरक्षा सलाहकार (एसएंडटी) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 28.11.2013 को रेलपथ डिपो बोदवड में 'वर्क साइट पर सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 29.11.2013 को भुसावल गुड्स लॉबी में 'घाट सेक्शन पर गाडी और लोड की सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 29.11.2013 को डीटीसी (टीआरओ), भुसावल में 'स्पैड टालने के उपाय' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 09.12.2013 को एसएंडटी डिपो भुसावल में 'रिले रूम खोलने और बंद करने संबंधी अनुदेश' विषय पर संरक्षा सलाहकार (एसएंडटी) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 17.12.2013 को पाचोरा स्टेशन पर 'रिले रूम खोलने और बंद करने संबंधी अनुदेश' विषय पर संरक्षा सलाहकार (एसएंडटी) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 17.12.2013 को नांदगांव लॉबी में 'टी 806, टी-369 3(बी) और टी ए-1425 जैसे महत्त्वपूर्ण अथॉरिटी की जानकारी' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 20.12.2013 को डीटीसी (इंजीनियरिंग), भुसावल में 'स्पैड टालने के उपाय' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 20.12.2013 को भुसावल गुड्स लॉबी में 'कंटीन्यूटी टेस्ट और महत्त्व और स्पैड टालने के उपाय' विषय पर संरक्षा सलाहकार (लोको) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- दिनांक 24.12.2013 को रेलपथ डिपो बोदवड में 'वर्क साइट पर सुरक्षा' विषय पर संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया।

- दिनांक 30.12.2013 को एटीटीएस भुसावल में 'गंभीर दुर्घटनाओं के दौरान गार्ड और स्टेशन मास्टर के कर्तव्य' विषय पर संरक्षा सलाहकार (यातायात) के मार्गदर्शन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।

दिवस

महा परिनिर्वाण दिवस

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनांक 06.12.2013 को महा परिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया जिसमें भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। मंडल रेल प्रबंधक श्री महेश कुमार गुप्ता द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई । तत्पश्चात मंडल के स्काउट टीम द्वारा वंदन-गीत गाया गया। श्रद्धांजलि के अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, भुसावल के नेतृत्व में किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद निगम, मंडल सांस्कृतिक संयुक्त सचिव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 10.10.2013 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. कुमार निर्भय, मंडल चिकित्सा अधिकारी, भुसावल द्वारा नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अस्पताल के मरीजों को मानसिक रोग के बारे में जानकारी दी गई।

विश्व खाद्य दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 16.10.2013 को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. ए.एस.निकालजे, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (फिजीशियन), भुसावल द्वारा खाद्य विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसमें कुल 69 लोगों ने भाग लिया।

विश्व निमोनिया दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 02.11.2013 को विश्व निमोनिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. कुमार निर्भय, मंडल चिकित्सा अधिकारी, भुसावल द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ तथा अस्पताल के मरीजों को निमोनिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई।

विश्व टीकाकरण दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 10.11.2013 को विश्व टीकाकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी, भुसावल द्वारा टीकाकरण विषय पर व्याख्यान दिया गया।

विश्व मधुमेह दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 14.11.2013 को विश्व मधुमेह (डायबिटीज) दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिद्धेश कुमार, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी,

भुसावल द्वारा डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों तथा अस्पताल के मरीजों को मधुमेह की बीमारी के बारे में जानकारी दी गई।

विश्व मिरगी दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 18.11.2013 को विश्व मिरगी (एपिलेप्सी) दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. ए.एस.निकालजे, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (फिजीशियन), भुसावल द्वारा पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों तथा अस्पताल के मरीजों को मिरगी रोग के बारे में जानकारी दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 03.12.2013 को अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. ए.एस.निकालजे, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (फिजीशियन), भुसावल द्वारा विकलांगता विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसमें पैरामेडिकल स्टाफ , नर्सों तथा अस्पताल के मरीजों सहित कुल 69 लोगों ने भाग लिया।

विश्व मरीज सुरक्षा दिवस

मध्य रेल चिकित्सालय, भुसावल के लाइब्रेरी हॉल में दिनांक 09.12.2013 को विश्व मरीज सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. कुमार निर्भय, मंडल चिकित्सा अधिकारी, भुसावल द्वारा नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अस्पताल के मरीजों को मरीज की सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में कुल 87 लोगों ने भाग लिया।

सप्ताह

सतर्कता जागरुकता सप्ताह

मंडल के क्षेत्राधिकार में स्थित सभी कार्यालयों में 28 अक्तूबर, 2013 से 02 नवंबर, 2013 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया। 'सुशासन का प्रसार' इस सप्ताह का मुख्य मिशन था। सप्ताह के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :-

- मंडल कार्यालय में दिनांक 29.10.2013 को भ्रष्टाचार विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में अतिथि वक्ता के रूप में श्री पियूष कक्कर, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (सि.एवं दू.) तथा श्री देबदास दत्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) ने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में मंडल के 50 अधिकारियों ने भाग लिया।

- दिनांक 30.10.2013 को मंडल कार्यालय में आचरण नियम विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कार्मिक शाखा के सभी अधिकारियों तथा मुख्य कार्यालय अधीक्षकों / कार्यालय अधीक्षकों ने भाग लिया।

- दिनांक 31.10.2013 को मंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार-विरोधी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा भाषण का आयोजन किया गया जिसमें मंडल कार्यालय के कर्मचारियो ने बडी संख्या में भाग लिया।

- दिनांक 01.11.2013 को मंडल कार्यालय में स्थित हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय में निबंध तथा घोष वाक्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मंडल कार्यालय के कर्मचारियो ने बडी संख्या में भाग लिया।

- दिनांक 02.11.2013 को मंडल के भुसावल स्टेशन के प्लेटफार्म 4, 5 तथा 6 पर उपस्थित रेलयात्रियों के सामने मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी भुसावल के 12 कलाकारों द्वारा नुक्कड नाटक का मंचन किया गया ।

कौमी एकता सप्ताह

मंडल कार्यालय में 19 नवंबर, 2013 से 25 नवंबर, 2013 तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 19.11.2013 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कौमी एकता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इसी तरह से मंडल के क्षेत्राधिकार में स्थित सभी स्टेशनों तथा डिपो कार्यालयों में स्टेशन / डिपो प्रभारियों द्वारा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

विद्युत ऊर्ज़ा बचत सप्ताह

मंडल के क्षेत्राधिकार में स्थित सभी कार्यालयों में 14 से 20 दिसंबर, 2013 तक विद्युत ऊर्ज़ा बचत सप्ताह मनाया गया। सप्ताह के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :-

- मंडल कार्यालय में दिनांक 16.12.2013 को घरेलू ऊर्ज़ा संरक्षण और सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री देबदास दत्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) द्वारा पॉवर पॉइंट स्लाइड शो के जरिए बिजली की खपत, बचत और संरक्षण की जानकारी दी गई। इस सेमिनार में मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

- मंडल के सभी डिपों में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- बिजली की बचत के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता लाने के लिए 'घरेलू ऊर्ज़ा संरक्षण और सुरक्षा' विषय पर लेख तैयार करके वितरित किया गया।

- मंडल के सभी कार्यालयों में विद्युत ऊर्ज़ा बचत सप्ताह का बैनर लगाया गया।

ट्रेन को चलाने वाली शक्ति सीटी नहीं है, लेकिन भाप में युक्त रही शक्ति है।

It is not the whistle that moves train, but power harnessed in steam.

रनिंग स्टाफ द्वारा किये गये आदर्श कार्य

मंडल के कर्मीदल द्वारा गाडी परिचालन करते समय निम्नलिखित सराहनीय कार्य किए गए जिसके फलस्वरूप गंभीर दुर्घटनाओं को टाला जा सका :-

क्र.	तारीख	लोको क्रमांक / गाडी संख्या	लोको क्रू का नाम / मुख्यालय	कार्य का विवरण
1.	05.10. 2013	31175/एल जीडी पीओएलबी / बीटीपीएन	श्री जे. ए. तायडे लोको पायलट गुड्स / भुसावल श्री एस. जी. रत्नपारखी सहायक लोको पायलट / भुसावल	वरणगांव स्टेशन पर डाउन लूप में बैंकर के लिए खडी गाडी के सहायक लोको पायलट द्वारा चेक करने पर चक्का नं. 2 का ब्रेक ब्लॉक जाम पाया गया जिसे रिलीज करने का प्रयास किया गया परन्तु सफलता नहीं मिली। इसकी जानकारी टीएलसी को देने पर भुसावल से टीआरएस स्टॉफ भेजकर रिलीज करवाया गया।
2.	10.10. 2013	12533 अप 22913 डब्ल्यूएपी 4/ भुसावल	श्री एस. के. परदेसी लोको पायलट शंटिंग / खंडवा	शंटर ने खंडवा यार्ड मे शंटिंग करते समय देखा कि गाडी नं.12533 अप स्टेशन से स्टार्ट हो रही थी। उसके कोच नं.एस-5 और एस-6 में ब्रेक बाइंडिंग है और उसमें से धुआं निकल रहा है। इसकी सूचना डिप्टी एसएस एवं चालक को देने पर गाडी रोक कर कोच नं. एस-5 को आयसोलेट और एस-6 को रिलीज किया गया।
3.	12.10. 2013	27276 एन / पीएनवी	श्री व्ही. के. सेन लोको पायलट गुड्स / भुसावल डी. सपकाले सहायक लोको पायलट / भुसावल	भुसावल से स्टार्ट होने के बाद चालक द्वारा पाया गया कि SMGR/PRV के पास से प्रेशर लीकेज होने से नॉच रिग्रेट होना बंद हो गया है तथा N/Sec के बाद नॉच आने बंद हो गये हैं। कर्मीदल ने मेनुअल कंट्रोल से केवल 12 मिनट अधिक समय लगाकर सेक्शन क्लियर किया।
4.	13.10. 2013	28029 / एनकेजे जेएनपीटी	श्री एम. एम. वर्तक लोको पायलट गुड्स / भुसावल बी. एस. मीणा सहायक लोको पायलट / भुसावल	सहायक चालक द्वारा आचेगांव-बोदवड के बीच कर्व में लोड चेक करने पर देखा कि लोको की दूसरी बोगी से धुआं निकल रहा है। गाडी को बोदवड खडी करके मु.लो.नि. भुसावल द्वारा चैक करने पर पाया गया कि TM-1 के पिनियन बेयरिंग का तापमान अधिक है। लोको को लोड से काटकर अगल किया गया।
5.	23.10. 2013	13584 बीसीएन/ई	श्री देवेन्द्र सिंह लोको पायलट गुड्स / खंडवा श्रीआर.के.श्रीवास्तव सहायक लोको पायलट / खंडवा	खंडवा भुसावल के बीच बगमार स्टेशन की लूप लाइन से स्टार्ट होने के बाद चालक द्वारा कि.मी. नं. 554/23-21 पर लर्च का अनुभव किया जिसकी सूचना डिप्टी एसएस कोहदाड और गार्ड को देने पर लोड को सावधानीपूर्वक चलाया गया। गार्ड द्वारा चैक करने पर रेल ब्रेकेज मिला।

6.	24.10. 2013	सी टीएलसी कार्यालय	श्री विजय चौधरी सहायक लोको पायलट / भुसावल	सी टीएलसी कार्यालय में बनने वाली डेली पोजीशन की हेडिंग फॉक्स प्रो में थी जिसे मुख्यालय के आदेशानुसार द्विभाषी करना था। इस कार्य को बाहरी व्यक्तियो द्वारा करवाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। सहायक लोको पायलट ने समराइज पोजीशन फॉक्स प्रो से एक्सेस में बदली करके सभी हेडिंग द्विभाषी में करके रेलवे के रेव्हेन्यु को बचाया गया।
7.	28.10. 2013	27072/ जेएचएस जीआरएमटी	श्री राजेश लोको पायलट गुड्स / भुसावल श्री सी.एन. बनसोड सहायक लोको पायलट / भुसावल	खंडवा भुसावल सेक्शन में चालक द्वारा कार्य के दौरान चांदनी स्टेशन पास होने के बाद MP/EEC से नॉच नहीं आ रहे थे। लोड 5200 टन से अधिक होने के बाद भी मेनुअल कंट्रोल से गाडी कार्य करके गाडी को असीरगढ तक लाया गया। असीरगढ में SMGR/PRV के फिल्टर से प्रेशर ड्रेन करके लोको को ठीक करके आगे गाडी कार्य किया गया।
8.	06.11. 2013	23734+758/ इटारसी सीएचजेड	श्री आर के.पाल लोको पायलट गुड्स / भुसावल श्री ए. खुर्शीद सहायक लोको पायलट / भुसावल	चालक द्वारा नांदगांव-भुसावल के बीच कार्य के दौरान नगरदेवला स्टेशन पास करने पर डिप्टी एसएस द्वारा पता चला कि लोको से 11 बी बोगी सं. NCR 31130629083 में भुसावल एंड की ओर की ट्राली में हॉट एक्सल हो रहा है। गालन स्टेशन पर गाडी रोककर अग्निशामक यंत्र का प्रयोग किया गया। इसके बाद इस वैगन को लोड से काटकर अलग किया गया।
9.	08.12. 2013	21345/ भुसावल 12162	श्री मनोज कुमार लोको पायलट मेल / इगतपुरी श्री सचिन पवार सहायक लोको पायलट / इगतपुरी	चालक द्वारा कार्य के दौरान नासिक स्टेशन के प्लेटफार्म नं.3 पर आते समय यह देखा कि एक पार्सल ट्राली प्लेटफार्म से लुढककर लाइन पर आ रही है। चालक द्वारा तुरंत ब्रेकिग की गई। लेकिन ट्राली चक्कों और प्लेटफार्म के बीच उलझ गयी जिसे इंजीनियरी स्टॉफ द्वारा निकालकर अलग किया गया।
10.	11.12. 2013	23089+23298 / टीकेडी एन / एनके	श्री एस. बी. पाठक लोको पायलट गुड्स / भुसावल श्री विक्टर के. सह-लोको पायलट / भुसावल	चालक द्वारा कार्य के दौरान मुर्तिजापुर काटेपूर्णा स्टेशनों के बीच डी.जे.ट्रिप हो गया। चालक द्वारा पेंटो नीचे करके दूसरा पेंटो ऊपर उठाकर गाडी कार्य किया गया। लोको को चैक करने पर रूफ वायर नं.3 टूटा मिला।

11.	11.12. 2013	22826/एसआर सी 12859	श्री एस.आर. पाटील लोको पायलट मेल / भुसावल श्री जितेन्द्र सिंह सहायक लोको पायलट / भुसावल	चालक द्वारा कार्य के दौरान मनमाड पानेवाडी स्टेशनों के बीच देखा कि एसीपी हो गयी है चालक द्वारा न्युटल सेक्शन में लोको न फंसे इसके लिए आपातकालीन ब्रेकिग करके गाडी खडी की गयी जिससे न्युमेटिंक पैनल से लीकेज होने लगा तथा प्रेशर को मेंटेन करके भुसावल तक गाडी कार्य किया गया। भुसावल में दूसरा लोको दिया गया तथा शेड में चैक करने पर AddC 2 रिले वाल्व की ऊपरी सीलिंग टूटी मिली और स्प्रिंग टेंशन मिला।
12.	12.12. 2013	31142/ एलजीडी नासिक + नांदगांव	श्री बी.के. अहिरवार लोको पायलट गुड्स / भुसावल	चालक द्वारा कार्य के दौरान बडनेरा से स्टार्ट होने के बाद देखा कि लोको के बोगी नं.1 से व्हील स्कींडिग की आवाज आ रही है। गाडी को कुरम में खडी करके मु.लो.नि. द्वारा चैक करने पर चक्का नं. 2 में व्हील स्कीड मिला। लोको को लोड से अगल करके अजनी भेजा गया।
13.	14.12. 2013	21366 / टाटा 12949	श्री ए. के. ओड लोको पायलट मेल / भुसावल श्री अनोखी महाजन सहायक लोको पायलट / भुसावल	चालक द्वारा कार्य के दौरान अकोला स्टेशन पर गाडी के रूकने पर अंडर ट्रक की जॉच करने पर GC-4 से धुआं निकलते देखा जबकि QOP का टारगेट नहीं गिरा था। इसकी सूचना टीएलसी को लोको को लोड से अलग करके दूसरा लोको लगाया गया। नागपुर तक गाडी की समयपालन भी बनायी गयी।
14.	22.12. 2013	23593+452/ कल्याण सीएलई	श्री आर पी. गेडाम लोको पायलट गुड्स / नांदगांव श्री सतीश सी. सहायक लोको पायलट/ नांदगांव	चालक द्वारा कार्य के दौरान पानेवाडी सायडींग में लोको नं. 23595 को चैक करने पर देखा कि एक्सल बाक्स नं. 4 का इक्विलायजिंग बीम अंदर की तरफ टूटी है। मु.लो.नि. द्वारा चैक करने पर इक्विलायजिंग बीम अंदर की तरफ 90% तक टूटी मिली। लोको को फेल करके शेड में भेजा गया।
15.	27.12.2013	21153+23622 एन / एनके	श्री एस.वी. राजभर लोको पायलट गुड्स / नांदगांव श्री ए.के. पाल सह-लोको पायलट/ नांदगांव	चालक द्वारा कार्य के दौरान लासलगांव में लोको नं. 21153 को चैक करने पर देखा कि एक्सल बाक्स नं. 10 का आउटर इक्विलायजिंग बीम 80 मिमी तक टूटी है। लोको को फेल करके शेड में भेजा गया।

जिंदगी का एक भी क्षण ऐसा नहीं है जिसमें आदमी सेवा नहीं कर सकता है।

There is not a single moment in life when man cannot serve.

रचनाएं

यह भारतीय रेल

वाह रे वाह इस लोहे का खेल ।
जिससे बनी है यह भारतीय रेल ॥

करोड़ों जनता को लाना और ले जाना ,
सबको अपने स्थान सुरक्षित पहुँचाना,
ऐसा इस भारतीय रेल का कार्य है महान,
जिस रेल का पूरा विश्व करता है सम्मान,
यातायत का सर्वश्रेष्ट साधन है यह रेल,
हर दिन सफर का रखती है समय से तालमेल,
वाह रे वाह इस लोहे का खेल ।
जिससे बनी है यह भारतीय रेल ॥

अंग्रेजो ने भारत आकर डेढ-सौ साल किया धमाल,
और भारतीय दिमाग दौड़ाकर दिखाया कमाल,
कश्मीर से कन्याकुमारी तक सब एक समान,
इस रेल द्वारा जोड़ रखी है एक दूजे में जान,
हर दिन बिना विलंब दौड़ती है यह रेल,
इसके साथ 'माली' के कार्य का भी है तालमेल,
वाह रे वाह इस लोहे का खेल ।
जिससे बनी है भारतीय रेल ॥

पी. जेड. माली
जूनियर इंजीनियर (स. तथा मा.), चालीसगांव

(मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, राजभाषा विभाग, मध्य रेल, भुसावल द्वारा केवल सरकारी उपयोग हेतु प्रकाशित)